**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to develop ‘Shravan Pakar’, a place of mythological importance in Gonda Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh as a tourist place-laid.

**श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गौंडा):** मेरे संसदीय क्षेत्र गोण्डा में अयोध्या से करीब 35 कि.मी. की दूरी पर, श्रवणपाकर एक पौराणिक ऐतिहासिक स्थल है । यहां पर त्रेता युग में राजा दशरथ के चलाए गए बाण से घायल, श्रवण कुमार ने अपना प्राण त्याग दिया था । अयोध्या में प्रत्येक वर्ष माघ अमावस्या पर आयोजित मेले में हजारों की संख्या में दर्शनार्थी आते हैं और यही लोग अयोध्या से श्रवणपाकर में भी आयोजित मेले में आते हैं । स्वतंत्रता के 72 वर्षों के बाद भी यह पौराणिक स्थल पूर्ण रूप से उपेक्षित है । इस स्थान पर स्थित श्रवण तालाब एवं मंदिर का जीर्णोद्धार स्वामी छपिया नारायण मंदिर ट्रस्ट के द्वारा कराया गया है । इसके बावजूद भी इसके आसपास काफी विकास की आवश्यकता है । इस पावन स्थली पर दूर-दराज से लोग अंत्येष्टि क्रिया सम्पन्न करने आते हैं । अतः यहां पर एक शमशान घाट भी जरूरी है ।

मैं माननीय मंत्री पर्यटन से आग्रह करना चाहता हूं कि इस पावन स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की कृपा करें जससे यहां, स्थानीय और बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधा उपलब्ध हो सके ।